मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 9 | अंक - 49 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 22 अगस्त से 28 अगस्त 2022 | पृष्ठ : 4 | कीमत : 3 /- रुपये

## मिलावट बनी जानलेवा, रसमलाई खाने से कई लोगों की गई जान

**मुंबई,** त्योहार पर देशभर में मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है। मार्केट में मिठाई की मांग अचानक से हाई हो जाती है। इस मांग को पूरा करने के लिए दुकानदार अक्सर मिलावट कर देते हैं। चंद फायदे के लिए की गई मिलावट कई बार जानलेवा साबित हो जाती है। यह मिलावट कई बार त्योहारों की खुशियां गमों में बदल देती है। कुछ ऐसा ही मामला लखनऊ में हुआ, जहां रसमलाई खाने से परिवार में कई लोगों की मौत हो गई और ८ लोग बीमार अवस्था में अस्पताल में भर्ती हो गए। मामला उत्तर प्रदेश के लखनऊ का है। रस मलाई खाने से देर रात मृतक की पत्नी राजरानी की हालत भी बिगड़ी और उसे भी परिजन आलमबाग के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल ने मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अयोध्या की रहने वाली रीता अपने मायके पारा थाना के चंद्रोदय नगर राकेश के घर आई थी।



रीता ने एक मिठाई की दुकान से रसमलाई खरीदी। इसके बाद वह चाचा के घर गई। वहां चाचा राकेश, चाचा राजरानी, चचेरे भाई अमित और सुमित को देकर कृष्णानगर अपने पिता राजकुमार गौड़ के घर गई। वहां भाई और पिता को राखी बांधकर लालकुआं में मामा छोटेलाल के घर रसमलाई लेकर गई। वही दूसरी तरफ मिठाई खाने के बाद पिता राजकुमार गौड़, ज्ञानवती और छोटेलाल की हालत भी बिगड़ी। सभी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सिकुड़ती शिवसेना का विस्तार करेंगे तेजस ठाकरे!

**मुंबई,** महाराष्ट्र में जल्दी ठाकरे परिवार का एक और चिराग राजनीति में एंट्री ले सकता है। खबर है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के छोटे बेटे तेजस सियासी पारी की शुरूआत कर सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, आदित्य पूरी तरह राजनीति में सक्रिय हैं। वह, एमवीए सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। खास बात है कि कभी-कभी मंच पर नजर आने वाले तेजस का चेहरा इस बार दही हांडी उत्सव के में खासा छाया हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार, मुंबई के गिरगांव इलाके में उनकी तस्वीरें कई पोस्टर्स में शामिल हैं। इन पोस्टर्स में दिवंगत बाला साहब ठाकरे को 'हिंदू हृदय सम्राट', उद्धव को 'कुटुंब प्रमुख', आदित्य को 'युवा नेतृत्व' और तेजस को 'युवा शक्ति' के तौर पर बताया गया है। इसके चलते ही संभावनाएं जताई जा रही हैं कि वह जल्दी राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। खास बात है कि महाराष्ट्र में निकाय चुनाव भी आने वाले हैं। ऐसे में उद्धव आदित्य के बाद अब तेजस को भी राजनीति में सक्रिय कर सकते हैं। हाल ही में हुई पार्टी के अंदर बगावत के बाद तेजस के राजनीती में आने की संभावनाओं को काफी अहम माना जा सकता है। बड़ी संख्या में विधायकों के जाने के बाद आदित्य पर शिवसेना के अस्तित्व को लेकर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। जून में मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने करीब 40 विधायकों के साथ उद्धव कैंप से हटने का मन बना लिया था। इसके बाद राज्य में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की एमवीए सरकार गिर गई थी। इसके अलावा खबरें आई थी कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित भी राजनीति में अपना डेब्यू कर सकते हैं। कहा जा रहा था कि वह राज्य के कई हिस्सों में कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।



## दहीहांडी के कार्यक्रम में पधारे श्री नार्वेकर जी








**मुंबई,** (कालबादेवी) : पिछले 16 वर्षो की तरह इस वर्ष भी आदेश्वर मार्किट और धनजी स्ट्रीट के व्यापारी लोगो ने इस वर्ष भी दही हांड़ी का एक विसाल आयोजन किया था जिसमे तमाम जगहों के गोबिंदाओ ने भाग लिया और अपने अपने हुनर का परिचय दिया जिसमे प्रमुख उपस्थिति रही विधानसभा अध्यक्ष श्री एड्वोकेट राहुल नार्वेकर जी का और पूर्व गृह राज्य मंत्री श्री राज के पुरोहित जी नगर सेवक आकाश पुरोहित जी जनक संघवी जी हेमन्त मेहेर जी गणेश राधिका प्रसाद दुबे जी और पुलिस के तमाम अधिकारी मौजूद थे नार्वेकर जी ने गोबिंदा पथक के सभी लोगो का आभार व्यक्त किया और थर लगाते समय सावधानी बरतने का भी आग्रह किया और साथ ही साथ आयोजको का भी मनोबल बढ़ाया और कहा आप लोग कभी भी कही भी सास्कृतिक कार्यक्रम करे और हम जरूर आएंगे कार्यक्रम का आयोजक कर रहे श्री हौशिला प्रसाद गुप्ता जी राजू जैन जी कन्हैया लाल कक्कड़ जी का भी श्री नार्वेकर जी ने आभार व्यक्त किया और कहा की अगर आप सभी को किसी भी प्रकार की जरूरत हो तो निसंकोच कभी भी कही भी हमे बुला सकते हम आपकी सेवा में सदैव हाजिर रहूँगा.



**महाराष्ट्र के नव नियुक्त स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तानाजी सावंत का सत्कार उनके निवास स्थान पर पुष्प गुच्छ देकर कल्याण के सुप्रसिद्ध भवन निर्माता एवम समाज सेवी जगदीश सिंह पटेल ने किया।**

## पायलट गहरी नींद में सो गए, विमान को लैंड कराना ही भूल गए

**मुंबई,** रफ्तार जितनी ज्यादा होती है जोखिम उतना ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए चालक की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। खासकर तब जब चालक (पायलट) कोई ह्यउड़न खटोलाह्न उड़ा रहा हो। लेकिन उड़ान के दौरान विमान का पायलट यदि सो जाए, खासकर तब जब विमान ३७ हजार फीट की ऊंचाई पर हो तो उसे क्या कहेंगे, काम का बोझ कहें या लापरवाही? इथियोपिया में सूडान के खारतूम से आदिस अबाबा जा रही इथियोपियन एयरलाइंस के पायलटों की ऐसी ही लापरवाही का मामला सामने आया है। उड़ान के दौरान एयरलाइंस के दोनों पायलट इस कदर गहरी नींद



में सो गए कि विमान को लैंड कराना ही भूल गए। एयरपोर्ट के करीब पहुंचने के बाद फ्लाइट ईटी३४३ ने लैंडिंग की कोशिश नहीं शुरू की तो एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने अलर्ट भेजा।

कई कोशिशों के बावजूद एटीसी पायलटों से संपर्क नहीं कर सका। पायलटों के नींद में होने के दौरान ऑटो पायलट की मदद से विमान हवा में उड़ता रहा। एविएशन हेराल्ड के मुताबिक जब विमान ने रनवे को भी क्रॉस कर लिया तो ऑटो पायलट डिसेबल हो गया। इसके साथ ही विमान में अलार्म जोर से बजने लगा, जिससे दोनों पायलटों की नींद खुल गई। इसके बाद उन्होंने विमान का कंट्रोल अपने हाथों में लिया। इसके बाद करीब २५ मिनट के बाद विमान को फिर से रनवे की तरफ लेकर पहुंचे। यहां पर विमान को सुरक्षित उतारा गया। अच्छी बात यह रही कि विमान सुरक्षित ढंग से लैंड हो गया और किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। एविएशन सर्विलांस सिस्टम से जो डाटा मिला है, उससे साफ पता चला कि विमान रनवे के ऊपर से निकल गया था।

## व्हेल मछली की उल्टी तस्करी के आरोप में 2 तस्कर गिरफ्तार

कल्याण : डोंबिवली की रामनगर पुलिस ने व्हेल मछली की उल्टी की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के नाम नंदू राय और अर्जुन निर्मल हैं और पुलिस ने इनके पास से 1 करोड़ 60 लाख रुपए कीमत की 725 ग्राम उल्टी बरामद की है। गौरतलब हो कि प्राकृतिक परफ्यूम बनाने में व्हेल की उल्टी का इस्तेमाल किया जाता है। ये परफ्यूम या सेंट काफी महंगे होते हैं। व्हेल की उल्टी को इकट्ठा करना और बेचना गैरकानूनी है। जबकि इसकी बड़े पैमाने पर तस्करी की जाती है। डोंबिवली के बंदिश पैलेस परिसर में व्हेल की उल्टी की तस्करी की जाती



हैं। कल्याण के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल को व्हेल मछली उल्टी की तस्करी की सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर कल्याण पुलिस उपायुक्त और डोंबिवली रामनगर पुलिस की टीम में एपीआई गणेश जाधव, बलवंत भराडे, दिनेश सोनवणे, पुलिस कांस्टेबल विशाल वाघ, संजय पाटिल, पुलिस नायक ऋषिकेश भालेराव आदि ने जाल बिछाया और क्षेत्र में दो लोग संदिग्ध रूप से घूमते हुए दिखे रामनगर पुलिस की टीम द्वारा जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 725 किलो वजनी व्हेल की उल्टी बरामद हुई। स्थानीय डोंबिवली रामनगर पुलिस स्टेशन में नंदू राय और अर्जुन निर्मल दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि उसका एक और साथी है। जिसके मास्टरमाइंड होने की आशंका है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उन्हें यह उल्टी किससे प्राप्त हुई और किसे बेचने वाले थे।

## संपादकीय

### अन्याय सा न्याय

एक रिहाई ऐसी भी सामने आई जिसने देश में बड़े विवाद को हवा दे दी। ऐसी रिहाई जिस पर तमाम सवाल उठे। गुजरात में हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से गैंग रेप व परिजनों की हत्या के मामले में सजा काट रहे ग्यारह अभियुक्तों की रिहाई ने कई गंभीर प्रश्नों को जन्म दिया। 21 जनवरी, 2008 को मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने संगीन आरोपों के लिये ग्यारह अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कालांतर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सजा पर अपनी सहमति की मोहर लगाई थी। दरअसल, 15 साल से अधिक की जेल की सजा काटने वाले एक दोषी ने विगत में सजा माफी के लिये सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को सजा माफी के मुद्दे पर गौर करने का निर्देश दिया था। इसके बाद पंचमहल के कलेक्टर के नेतृत्व में एक समिति बनाई गई जिसने कैदियों की रिहाई की मांग पर विचार किया। समिति ने सर्वसम्मति से कैदियों को रिहा करने का निर्णय किया। ये सिफारिश राज्य सरकार को भेजी गई थी। कालांतर दोषियों को रिहा करने के आदेश दिये गये। इस पर गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कहना था कि जेल में चौदह साल पूरे होने पर उम्र,अपराध की प्रकृति व कैदियों के व्यवहार आदि पर विचार करने के बाद सजा में छूट देने पर विचार किया गया। साथ ही यह भी देखा जाता है कि अपराधी ने अपनी सजा पूरी कर ली है। तभी रिहाई पर विचार किया जा सकता है। कैदी के गंभीर रूप से बीमार होने पर भी ऐसा फैसला लिया जा सकता है। इस पर मानवाधिकार कार्यकताओं का आरोप है कि इससे कम गंभीर मामलों में सजा पाने वाले कैदी जेलों में बंद हैं जबकि गंभीर अपराध में लिप्त दोषियों को रिहा कर दिया गया है। इस फैसले से बिकलिस बानो का परिवार सकते में है और उनका कहना है कि वे फिर से भय में जी रहे हैं। दरअसल, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमें सरकार ने इस मामले में कोई सूचना नहीं दी, हमें मीडिया से दोषियों की रिहाई की बात पता चली। वहीं गुजरात सरकार के इस फैसले की चौतरफा आलोचना हो रही है। कहा जा रहा है कि अपराध के शिकार लोगों का तंत्र पर भरोसा डिगा है। दरअसल, बिलकिस बानो ने न्याय पाने के लिये लंबा संघर्ष किया था। पहले सबूतों के अभाव में पुलिस ने केस खारिज कर दिया था। गुजरात सरकार के दौरान जब उसे न्याय मिलता न दिखा तो वह राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंची। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिये। तब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर क्लोजर रिपोर्ट खारिज की गई। सीबीआई ने चार्जशीट में 18 लोगों को दोषी पाया था। लगातार धमकी मिलने और न्याय मिलने में संदेह के चलते बिलकिस बानो ने केस गुजरात से बाहर स्थानांतरित करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की थी। जिस पर मामला मुंबई कोर्ट में भेजा गया था। यहां तक कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो को दो सप्ताह के भीतर पचास लाख का मुआवजा, घर व नौकरी देने का भी आदेश दिया था। जिस पर गुजरात सरकार के वकीलों ने सवाल भी उठाये थे। दोषियों की रिहाई से बिलकिस बानो स्तब्ध है, वह कहती है कि उनका वर्षों का संघर्ष व मेहनत बेकार चली गई। गुजरात सरकार के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल हमलावर हैं। कांग्रेस कह रही है कि एक तरफ केंद्र सरकार नारी सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर एक महिला के साथ जघन्य अपराध करने वालों को रिहा कर देती है।

– संपादक : छोटेलाल शर्मा



जोधपुर राजस्थान के उद्योगपती जसराज जी पवार, की बिटिया संजना व बेलापुर महाराष्ट्र के उद्योजक कैलाश जी मदनलाल जी चायल के सुपुत्र गोपाल के सगाई समारोह पर डॉ गोपाल जी चव्हाण, विजय जी पवार, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार आदी मान्यवर.

# शांतिपूर्ण कैंडल मार्च, श्रद्धांजलि व मुलुंड बंद करवाया गया



**मुंबईः-** राजस्थान राज्य के जालौर जिले स्थित , सुराणा गांव के 9 साल के दलित छात्र इन्द्र कुमार मेघवाल के अध्यापक छेलू सिंह ने इन्द्र कुमार की बहुत ही निर्दयतापूर्वक पिटाई की , कारण कि, 9 साल के मासूम दलित छात्र ने शिक्षक के पानी पिने के मटके से पानी पी लिया था , इसपर शिक्षक ने छात्र को इतनी बेरहमी और निर्दयता से पीटा कि, अस्पताल में ईलाज के दौरान छात्र इन्द्र कुमार मेघवाल की मृत्यु हो गई । यह घटना बहुत ही निंदनीय घटना है । इस घटना से संपूर्ण भारतवर्ष के दलित समाज में रोष का वातावरण है । बाल्मिकी विकास संघ ,मुंबई अध्यक्ष श्री विनोद कुमार कजानियाँ मुंबई शहर कमेटी इस निंदनीय घटना का अपने कडे शब्दों में जाहीर निषेध करते हुए ।और राजस्थान सरकार से मांग करते हैं कि, दलित छात्र इन्द्र कुमार मेघवाल के हत्यारे शिक्षक को फांसी की सजा दी जाए । संघठन के माध्यम से ,मुंबई शहर अध्यक्ष विनोद कजानियाँ कमेटी-दलित समाज के सभी संगठन ,फ्लक आठवले गट,कवाड़े गट,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता ,वाल्मिकी समाज के भिन्य भिन्य संगठनो ने छात्र इन्द्र कुमार मेघवाल को न्याय दिलाने व दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर भैया साहेब चौक,मुलुंड डंपिंग रोड मुलुंड (पश्चिम) से पूर्ण मुलुंड तालुका में बंद का आव्हान करके शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।



सीखड़ , माह के तीसरे शनिवार 20 अगस्त को आराई के अनुसार (भी,एच,एस,एन,डी) टीकाकरण सत्र का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्र लालपुर प्रथम पर किया गया। सत्र में टीकाकरण कराने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, आशा सुशीला देवी द्वारा बनाए गए ड्यू लिस्ट के अनुसार सैम/ मैम बच्चों 0 से 5 वर्ष के बच्चों किशोरी बालिकाओं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तदुपरान्त बच्चों का टीकाकरण 18 से 45 वर्ष के लोगों को कोविड 19 प्रिकॉशन डोज एन एम ममता यादव पार्वती सिंह द्वारा किया गया तथा एन एम आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सभी लाभार्थियों का वजन/लम्बाई लेते हुए खान पान साफ सफाई स्वस्थ रहने के वारे में विन्दुवार परामर्श भी दिया गया।



मेराअवतरणदिवस परिवार के सदस्य व दोस्तों ने मनाया आप लोगों को ढेर सारी मंगल कामनाएं। आप सभी शुभचिंतकों के स्नेह और प्यार की आकांक्षा करता हूं। प्रकृत की कृपा आप लोगों पर बनी रहे विमलेश कुमार जिलाध्यक्ष मौलिक अधिकार पार्टी वाराणसी

## सुनील गंगवानी का जन्म दिवस समारोह संपन्न



**मुंबईः-** कांग्रेस मुंबई के महासचिव सुनील गंगवानी (पुर्व नगरसेवक)का जन्म दिवस समारोह मुलुंड कांग्रेस कार्यालय पर समारोह पुर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर चरण सिंह सप्रा (कार्यकारी अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस) ,मोहन गोसाई ,समाज सेवी डॉ.बाबुलाल सिंह, बिरजू मुंदडा,हेमंत बापट,अशोक त्रिवेदी, डॉ.सचिन सिंह,कैलाश पाटील, नीता जोशी , विठल सातपुते, हरीश गुप्ता, संजय घरत, मधु म्हात्रे , भारत दनानी , राजीव पण्ड्या,संतोष गावकर, हिरामन संसारे ,राकेश राघवन, अतुल जोशी,मनोज संसारे,डॉ.आर .एम.पाल, प्रकाश जायसवाल,हनुमंत थोरात, शानु शेख, पीताम्बर साहु ,शरीफ खान, उमेश टपाल, पीटर नाडार,राजन भोसले ने शाल, पुष्प गुच्छ देकर एवम केक काट कर जन्म दिवस की बधाई प्रदान किया। इसके पूर्व मुलुंड कालोनी के झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज के गणमान्य लोगों ने शुभकामनायें प्रदान किया।

## कैबिनेट मंत्री ने खिलाया भगवान श्री कृष्णा प्रेमियो को खाना

**मुंबई,** कालबादेवी : आदेश्वर मार्किट और धनजी स्ट्रीट द्वारा आयोजित दही हांड़ी कार्यक्रम के भंडारे में महाराष्ट्र डाइमंड प्रायवेट लिमिटेड और धन जी स्ट्रीट के तमाम गणमान्य लोगो ने किया था भंडारे को सफल बनाने के लिए अशोक शाह .देवी प्रसाद



के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राज के पुरोहित जी ने अपने हाथो से सभी गोविंदा पथको और प्रसाद ग्रहण करने आये तमाम नागरिको को अपने हाथो से भोजन कराया यह नजारा देखने लायक था साथ में उनके बेटे और नगर सेवक श्री आकाश राज पुरोहित भी मौजूद थे भंडारे का आयोजन हेता जेम्स एण्ड ज्वेलरी (पी.यु.पटेल)और रुल्झ गुप्ता.महेंद्र गुप्ता.नरेंद्र कुमार सिंह सुरेश पुनमिया .अशोक चौरसिया .राधेश्याम गुप्ता.नारायण मौर्या. अशोक पेंटर.महेंद्र गुलेचा.तुकाराम. शुभम सिंह.अनिल मिश्रा. रामखेलावन गुप्ता. वीरेंद्र गुप्ता. और साथ बंगाली एसोसियन के पदाधिकारी .जी.डी.एस.ग्रुप के सभी लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग दिया

# सनसनीखेज खुलासा हवाला कारोबारियों में हड़कंप

**मुंबई,** आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तौयबा और अल बद्र के टेरर फंडिंग के लिए दिल्ली में फंडिंग का काम करने वाले एक हवाला ऑपरेटर की दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तारी से मुंबई के हवाला कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। असल में दिल्ली से गिरफ्तार हवाला कारोबारी मोहम्मद यासीन ने मुंबई के हवाला कोरबारियों के संबंध में सनसनीखेज खुलासा किया है। यासीन ने पूछताछ में बताया है कि वह एक एजेंट के तौर पर व्यापारियों एवं हवाला कारोबारियों से कलेक्शन धन जुटाकर अलग-अलग नेटवर्क से आतंकी संगठनों को भेजता था। उसे धन देने वालों में मुंबई के व्यापारी और हवाला कारोबारी भी शामिल हैं।



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हवाला मनी को उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसको ऑपरेट करने का काम दिल्ली के मीना बाजार से काम करने वाला मो. यासीन कर रहा है। इस सूचना के आधार पर दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मो. यासीन को गिरफ्तार किया। वह जम्मू-कश्मीर के आतंकी ऑपरेटर अब्दुल हामिद मीर के संपर्क में था और उसे पैसा भेजा करता था। पूछताछ के दौरान मोहम्मद यासीन ने खुलासा किया कि हवाला का पैसा दक्षिण अफ्रीका से हिंदुस्थान के सूरत और मुंबई भेजा जा रहा है। मुंबई में पैसे एकत्रित कर उसे दिल्ली भेजा जाता था। दिल्ली में मो. यासीन इस हवाला श्रृंखला में दिल्ली की कड़ी था। दिल्ली में उसके पास पैसा पहुंचने पर इस राशि को अलग-अलग कुरियर के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में स्थानांतरित कर दिया जाता था। यह राशि जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और अल बद्र के गुर्गों को दी जाती है। हाल ही में यासीन को २४ लाख रुपए दक्षिण अफ्रीका से हवाला के माध्यम से भेजे गए, जिसमें से उसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुर्गों को दो अलग-अलग कुरियर के माध्यम से १७ लाख रुपए ट्रांसफर किया था। मोहम्मद यासीन के खुलासे के बाद अब मुंबई के कुछ हवाला कारोबारी एटीएस की रडार पर आ गए हैं।



**सीखड़, विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के मुल निवासी सुबोध चौबे को अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश कार्यकारणी द्वारा पूर्व में किए गए निष्ठापूर्वक कार्य को देखते हुए नई कार्यकारणी में प्रदेश अध्यक्ष श्री ऋषि त्रिवेदी जी ने विशेष सलाहकार का दायित्व सौंपा ,वहीं चौबे जी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 5 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को दिए गए धमकी सर तन से जुदा करने की घोर निन्दा करते हुए शासन प्रशासन से उनके सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देने की मांग की साथ में आने वाले दिनों में संवेदनशील जिलों के जिलाध्यक्षों के सुरक्षा के लिए मांग की।**

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड.बी.एम.शर्मा**
**एड.आर.आर.शर्मा**
**एड.भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## राज. के. पुरोहित जी ने किया जनक संघवी जी का सम्मान

**मुंबई,** कालबादेवी. कालबादेवी क्षेत्र के झवेरी बाजार इलाके के धनजी स्ट्रीट में विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोउत्सव के उपलक्ष्य में इस बार भी दहिहंदी का आयोजन किया गया था जिसमे तमाम गोविंदा पथको कर्यक्रम में पधार कर अपना योगदान दिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सबके लाडले पूर्व गृहराज्य मंत्री श्री राज के पुरोहित जी . सी वार्ड के राज दुलारे नगर सेवक श्री आकाश पुरोहित जी बि वार्ड की लोकप्रिय नगरसेविका. रीटा मकवाना जी . हेमन्त मेहेर





जी सबसे लाडले पूर्व नगरसेवक जनक संघवी जी .अमित ठाकुर .हेमन्त जाधव जी पृथ्वीराज कोठारी जी मनोज सिंह ठाकुर जी . गणेश दुबे . मंच पर उपस्थित रहे कर्यक्रम को सफल बनाने के लिए झवेरी बाजार वेल्फेयर असोसिएसन के सभी पदाधिकारी बिलकुल तन मन धन से गोबिंदा पथको का सेवा करते रहे और साथ में राजेश तांतेड़.दलपत सिंह राजपूत.मुकेश दाकड़. बेचन सेठ. मदनभाई. सुरेश भाई. अशोक शाह. नलिन शाह. अतुल पांडा और तमाम कार्यकर्त्ता मौजूद रहे राज के पुरोहित जी ने गोविंदा पथक को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया.

## कृष्ण और सुदामा

कृष्ण और सुदामा का प्रेम बहुत गहरा था। प्रेम भी इतना कि कृष्ण, सुदामा को रात दिन अपने साथ ही रखते थे।



कोई भी काम होता, दोनों साथ-साथ ही करते। एक दिन दोनों वनसंचार के लिए गए और रास्ता भटक गए। भूखे-प्यासे एक पेड़ के नीचे पहुंचे। पेड़ पर एक ही फल लगा था।

कृष्ण ने घोड़े पर चढ़कर फल को अपने हाथ से तोड़ा। कृष्ण ने फल के छह टुकड़े किए और अपनी आदत के मुताबिक पहला टुकड़ा सुदामा को दिया। सुदामा ने टुकड़ा खाया और बोला, बहुत स्वादिष्ट! एसा फल कभी नहीं खाया। एक टुकड़ा और दे दें। दूसरा टुकड़ा भी सुदामा को मिल गया। सुदामा ने एक टुकड़ा और कृष्ण से मांग लिया। इसी तरह सुदामा ने पांच टुकड़े मांग कर खा लिए।


जब सुदामा ने आखिरी टुकड़ा मांगा, तो कृष्ण ने कहा, 'यह सीमा से बाहर है। आखिर मैं भी तो भूखा हूं। मेरा तुम पर प्रेम है, पर तुम मुझसे प्रेम नहीं करते।' और कृष्ण ने फल का टुकड़ा मुंह में रख लिया। मुंह में रखते ही कृष्ण ने उसे थूक दिया, क्योंकि वह कड़वा था। कृष्ण बोले, 'तुम पागल तो नहीं, इतना कड़वा फल कैसे खा गए? उस सुदामा का उत्तर था, 'जिन हाथों से बहुत मीठे फल खाने को मिले, एक कड़वे फल की शिकायत कैसे करूं?' सब टुकड़े इसलिए लेता गया ताकि आपको पता न चले। दोस्तों जँहा मित्रता हो वँहा संदेह न हो, आओ कुछ ऐसे रिश्ते रचे... कुछ हमसे सीखें , कुछ हमे सिखाएं। अपने इस ग्रुप को कारगर बनायें। किस्मत की एक आदत है कि वो पलटती जरुर है और जब पलटती है, तब सब कुछ पलटकर रख देती है। इसलिये अच्छे दिनों मे अहंकार न करो और खराब समय में थोड़ा सब्र करो..!

## न्यूरपा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति : अचूक लाभ

मुंबई, दक्षिण कोरिया की मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धति जो कि सूर्य की कोमल किरणों के सिद्धांत पर आधारित है, काफी सुविधाजनक जटिल रोगों की रोकथाम में काफी कारगर एवं लाभ जनक है।

अप्पर गोविंद नगर मलाड पश्चिम मुंबई में कार्यरत सेंटर श्री विनोद सोनी के मार्गदर्शन एवं उनकी टीम नम्रता शेलार एवं तब्बू की स्नेह एवं सेवाभाव से लोगों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान किया जा रहा है। यह चिकित्सा का सबसे




दिलचस्प पहलू यह है कि इसका कोई दुष्परिणाम नहीं है और करीबन निशुल्क होने के बावजूद दीर्घकालीन जोड़ों के दर्द, बवासीर, गैस, एसिडिटी, कब्जियत, लकवा, मधुमेह जैसी अनेकों बीमारियों में बहुत उपयोगी के साथ स्वास्थ्य संवर्धन में भी फलित हो रही है। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ दूरदराज के लोग भी आकर इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। आप भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

सौजन्य जगदीश नारायण सिंह
92232 44038

## श्री नारायणी सेना के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**मुंबई :** श्री पाबूजी महाराज की धाम से निकाली जोत गौ माता की रक्षा के लिए बींठवालिया नगर वासी श्री पाबूजी धाम से बींठवालिया गोपाल गौशाला श्री तेजाजी मंदिर चारभुजा मंदिर होते हुए श्री श्याम गौशाला होते हुए वापिस पाबूजी धाम पर पहुंची जोत यात्रा संपूर्ण नगर परिक्रमा करके जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए और गौमाता को इस लपींक नाम की बीमारी से बचाने के लिए धाम पर प्रार्थना की और श्री पाबूजी महाराज के आशीर्वाद से गौ माता को बहुत जल्दी राहत मिलेगी धाम के मुख्य उपासक श्री कलूराम जी बंजारा वह सेवक जोत के साथ पद परिक्रमा की और संपूर्ण गौशाला कमेटी भी जोत के साथ पुष्प वर्षा करते हुए गौ माता को स्वस्थ करने की प्रार्थना की





**श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र**
**प्रदेश प्रभारी**
**सुखदेव सेन विक्रम धुवारिया**
**बींठवालिया नागौर राजस्थान**

# मौलिक अधिकार संघर्ष समिति मास का एक दिवसीय कैडर कैंप फैजाबाद प्रेस क्लब में



**मुंबई, मौलिक अधिकार संघर्ष समिति मास का एक दिवसीय कैडर कैंप फैजाबाद प्रेस क्लब में शुरू . कैडर कैम्प को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार कोरी. संस्थापक मान्यवर जेपी शास्त्री जी कैडर के मुख्य प्रशिक्षक है जो थोड़ी ही देर में प्रशिक्षण देना प्रारंभ करेंगे. जो निकटतम पदाधिकारी बंधु अभी नहीं पहुंचे हैं वे जल्द से जल्द कार्यक्रम में उपस्थित हो**

# आजादी का अमृत महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न



**मुंबई,** वैदिक हाइट के निवासियों संग आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व का वैदिक हाइट कांदिवली पूर्व के निवासियों के सहयोग और उत्साह के साथ संपन्न किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष श्री पराग राणे के हाथों झंडोत्तोलन के साथ श्रीमती उषा जगदीश नारायण सिंह एवं जगदीश नारायण सिंह का उत्साहवर्धक एवं सारगर्भित वर्तमान परिवेश में उपयुक्तता के ऊपर सम्भासन एवं नन्हे-मन्ने द्वारा पेंटिंग, गायन एवं तबला वादन का कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री एस. के. सिंह ने काफी सुरुचिपूर्ण ढंग एवं आनंददाई भाव से किया।

**प्रस्तुति-जगदीश नारायण सिंह**
**92232 44038**

# भाजपा 85% sc,st,obc,mbc, को आर्थिक रूप से कमजोर कर गुलाम बनाने के लिए मजबूर कर रही है- राम बहादुर शर्मा

**देवरिया।** दिनांक 15 अगस्त 2022 को जिला कार्यालय मौलिक अधिकार पार्टी 100 / क, दहिलाम्ऊ उत्तरी (बुढ़िया देवी मंदिर के पास) प्रतापगढ़ पर मुख्य अतिथि, पार्टी के प्रदेश महासचिव मा० राम बहादुर शर्मा ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहरा कर प्रदेश वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस आजादी को पाने के लिए शहीदों ने अपनी कुर्बानियां दीं। 26 जनवरी 1950 को जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए डाक्टर बाबासाहेब अम्बेडकर जी द्वारा लिखित भारतीय संविधान लागू करने हेतु प्रधानमंत्री जी को सौंपा और भारत देश में लागू किया गया।



स्वतंत्रता दिवस के 75साल बीत जाने पर भी सत्तारूढ़ कांग्रेस, सपा, बसपा और भाजपा ने जनता के हित में संविधान के भागों और अनुच्छेदों को पूर्णतया लागू नहीं किया। सांसद विधायक 3-3 पेंशने ले रहे हैंऔर एक -एक विधायक और सांसद के पीछे 2लाख, 3लाख महीने खर्च हो रहे हैं।ये सब शासन सत्ता के दौरान 5साल में 10-10 लग्जरी गाड़ियां और 10-10 महल बना लेते हैं और दो तीन पीढ़ियों के लिए बैंक बैलेंस एकत्रित कर लेते हैं।ये सब जनता के अधिकारों का शोषण करके मोटे होते हैं।आज भी आदर्श सेन गुप्ता की रिपोर्ट के अनुसार 77%जनता बीस रूपए प्रतिदिन पर गुजर बसर करने को मजबूर हैं।40.5%अति पिछड़ी जातियों को आज तक 1953की काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट, मण्डल कमीशन रिपोर्ट,1975साथी छेदीलाल आयोग की सिफारिशों ,सामाजिक न्याय समिति के तहत पृथक आरक्षण लागू नहीं किया गया। जबकि संविधान में बिना किसी प्रावधान के आर्थिक आधार पर 10%सवर्ण के लिए आरक्षण के वल तीन दिन में पास करा लिया गया।अति पिछड़े वर्ग के लोग पिछलग्गू, स्वार्थी, डरपोक, संवैधानिक अधिकार का जानकार न होने के कारण संघर्षरत न होकर बलात्कार, अत्याचार का दंश झेल रहे हैं। भाजपा 85%SC,ST,OBC,MBC,को आर्थिक रूप से कमजोर कर गुलाम बनाने के लिए मजबूर कर रही है। जो भारत देश के लिए कलंक है।

मौलिक अधिकार पार्टी सत्ता में आते ही रुपए 4000/-प्रति मतदाता वोटरशिप लागू करेगी। शिक्षा ,चिकित्सा ,जांच और दवाइयां मुफ्त होगी। सांसद विधायक निधियां बन्द होगी। जजों की नियुक्ति आयोग द्वारा होगी।, 50% अनुदान पर किसानों को खाद ,बीज, कीटनाशक दवाएं और कृषि उपकरण आदि दिये जायेंगे। मुकदमों का निस्तारण एक वर्ष में करना अनिवार्य होगा ।राजनैतिक भागीदारी के तहत लोकसभा चुनाव में 32सीट और विधानसभा चुनाव में 166 सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव लायेगी और मौलिक अधिकार पार्टी मिशन 2024 में अति पिछड़े वर्ग को लोकसभा चुनाव में 32टिकट पूरे उत्तर प्रदेश में देगी।

अंत में जिलाध्यक्ष विश्वास कुमार शर्मा ने जनपद प्रतापगढ़ वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार शर्मा,राम कुमार शर्मा,राम संजीवन प्रजापति,अनिल कुमार शर्मा,कृपा शंकर शर्मा,राम यश पाल,राजेश सागर शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# संविधान पर खतरे के बादल मंडरा रहे है -जेपी शास्त्री

मौलिक अधिकार संघर्ष समिति मास का एक दिवसीय कैडर कैंप 21 अगस्त रविवार को फैजाबाद प्रेस क्लब में सम्पन्न हुआ

कैडर कैम्प को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार कोरी ने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता के सृजनकर्ता शूद्र और वणिक थे सिंधु घाटी की सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक थी जो कि बहुत ही वैभवशाली सभ्यता थी विदेशी आर्यों ने सिंधु घाटी की सभ्यता को तहस-नहस कर वैदिक व्यवस्था को स्थापित किया जिसके कारण शूद्रो को अंत्यज और अछूत बनाकर इन पर अत्याचार किया जाने लगा 563 ईसा पूर्व में आश्रम संस्कृति को नकारते हुए तथागत गौतम बुद्ध ने श्रमण संस्कृति की नींव डाली जिस की आधारशिला पर नंद और मौर्य शासन काल ने भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाया। मास संस्थापक मान्यवर जेपी शास्त्री जी कैडर के मुख्य प्रशिक्षक रहे जिन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज संविधान पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं जिसके लिए अधिकार वंचित वर्ग के समृद्ध एवं प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा अन्यथा मनुवादी व्यवस्था की गुलामी में हम सब पुनः जकड दिए जाएंगे। उन्होने संविधान की प्रस्तावना,संविधान का भाग 1 देश का नाम इंडिया है जो कि इंडस वैली सिविलाइजेशन सिंधु घाटी सभ्यता को दशार्ता है,भाग 2 नागरिकता पर जानकारी देते हुए कहा कि 1950 में जब संविधान लागू हुआ तब से रह रहे लोग इस देश के नागरिक हैं फिर सरकार को सीएबी ,सी ए ए ,एन आर सी लाने की क्या आवश्यकता थी आगे उन्होंने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों पर चर्चा करते हुए इसकी रक्षा का संकल्प दिलाया तथा सरकारों से अपेक्षा की कि वे राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को लागू करें जिसमें हर नागरिक की भलाई हो क्योंकि अनुच्छेद 39 ख के अनुसार प्रकृत प्रदत्त वस्तुओं पर सबका समान अधिकार एवं 39 ग के अनुसार वित्त का समान वितरण होना न्याय संगत है। हर सरकारी विभाग को प्राइवेट हाथो को सौपने की नीति पर प्रहार करते हुए मा जेपी शास्त्री जी ने कहा कि या कुचक्र एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की एक अप्रत्यक्ष रणनीति है जिसका हम विरोध करते हैं तथा महामहिम से अपेक्षा करते हैं कि प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण व्यवस्था लागू करने का आदेश सरकार को देने का कष्ट करें। कैडर में आए हुए कार्यकताओं पदाधिकारियों समर्थकों को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाते हुए संगठन के राष्ट्रीय सचिव अनंतराम यादव ने जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी है पर बल देते हुए समाज के गद्दारों से सचेत रहने के लिए भी आग्रह किया।

कैडर कैंप में भारी संख्या में लोग शामिल रहे जिसमे प्रमुख रुप से डॉक्टर प्रेम नाथ प्रेम,डा शिवकरन कर्मयोद्धा, हेमचंद जी, राजेश कुमार, सत्यनारायण मौर्य, हरिश्चंद्र चक्रवर्ती,रामराज बौद्ध,




रामप्रकाश,प्रियांशु बौद्ध, गणेश कुमार, शिव मोहन, करन कुमार, महेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, राजेश कुमार बौद्ध, अमरजीत विश्वकर्मा, धीरेंद्र बौद्ध,राम आशीष विश्वकर्मा, आरती विश्वकर्मा, डॉ विजय चौधरी, मुकेश कनौजिया, सुनील कुमार सरोज, राजेश राजवंशी, रमेश कुमार रावत, फूलचंद विन्द, लालचंद्र ,हृदय नारायण जी, हृदय राम प्रियदर्शी , विनोद कुमार बौद्ध, बौद्ध राम दुलारे यादव , जय प्रकाश वर्मा, रामसुमेर बिंद ,संजय शर्मा लल्लन यादव, आशुतोष भारतीय नागरिक ,उदय कुमार कोविद, देवी प्रसाद नंद, अनंतराम बौद्ध, रामकृपाल, विमल सिंह यादव, तारा बौद्ध, कुशमा बौद्ध,सरोज कोविद, मीरा देवी रंजना रश्मि,धर्मा देवी, रेनू बौद्ध, मालती देवी, शिव कुमारी, विजय प्रताप बसंत, डॉ रमेश कुमार वर्मा, रघुपति विश्वकर्मा, गंगाराम, बृजेश कुमार सेन, संतोष कुमार नंद कंचन यादव सहित अन्य लोग भी शामिल रहे।

# इकबाल कासकर को सीने में दर्द, जे.जे. अस्पताल में भर्ती

**मुंबई,** हिंदुस्थान के मोस्ट वांटेड भगोड़े क्रिमिनल दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को सीने में दर्द उठा तो वह कराहने लगा। दर्द की शिकायत के बाद उसे मुंबई के सरकारी जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले इकबाल कासकर न्यायिक हिरासत में था। मिली जानकारी के अनुसार नई मुंबई स्थित तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में रखे गए दाऊद के भाई इकबाल ने शनिवार की रात में सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसे जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल इस समय इकबाल कासकर का इलाज शुरू है और उसकी हालत सामान्य है। चिकित्सक उसकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। अस्पताल प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि जांच में उसके हार्ट में समस्या मिली है।

तलोजा जेल में बंद इकबाल को ईडी ने जून २०२१ में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में ठाणे पुलिस की एक टीम ने उसे सितंबर २०१७ में गिरफ्तार किया था। उस पर एक डेवलपर से रंगदारी मांगने का आरोप लगा था। इसके बाद जांच में उस पर तीन अलग-अलग मामलों में रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com